## एक नजर में

### 2027 की स्वगणना शुरू, नगर परिषद अध्यक्ष ने खुद फार्म भरकर किया शुभारंभ



**कसरावद, निप्र।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे लेकर नगर परिषद द्वारा 16 से 30 अप्रैल तक स्वगणना वेब पोर्टल के माध्यम से स्वगणना की जाएगी। इस दौरान नागरिकों को स्वगणना वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने की सुविधा दी गई है। इसी क्रम में नगर परिषद अध्यक्ष विमल राजेंद्र सिंह यादव ने पहल करते हुए स्वयं स्वगणना फॉर्म भरकर नागरिकों को जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से शासन को योजनाएं बनाने और संसाधनों के सही वितरण में सहायता मिलती है। अध्यक्ष यादव ने नगर के सभी नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित समयावधि में स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं भरें, ताकि जनगणना कार्य सरल और सटीक रूप से पूर्ण हो सके। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराएं। ताकि कोई भी नागरिक इससे वंचित न रहे।

### नगर परिषद अध्यक्ष अलका यादव ने किया भवानी माता द्वार के लिए भूमिपूजन




**महेश्वर, निप्र।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर नगर परिषद द्वारा विकास कार्यों की श्रृंखला का शुभारंभ रविवार को शाम 6 बजे नवीन प्रस्तावित भवानी माता द्वार का भूमि पूजन करके किया गया। 'मां भवानी द्वार' के निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन नगर परिषद अध्यक्ष अलका यादव, अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने कहा कि यह द्वारा सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यटन संस्कृति के महत्व को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रस्तावित भवानी माता द्वार का निर्माण महेश्वर किले की स्थापत्य शैली के अनुरूप किया जाएगा, जिससे नगर में आने वाले पर्यटकों को यहां की समृद्ध आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचित होने का अवसर होगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने बताया कि अक्षय तृतीया जैसे शुभ दिन पर इस कार्य की शुरुआत का उद्देश्य यह है कि नगर में विकास का क्रम निरंतर बना रहे और किसी भी प्रकार की बाधा या विराम न आए। उन्होंने आगे बताया कि इसी क्रम में रणजीत हनुमान मंदिर चौक पर दो अन्य भव्य द्वार— 'मां अहिल्या द्वार' एवं 'मां नर्मदा द्वार' —का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त जलकोटी मार्ग स्थित श्री दत्त धाम क्षेत्र में भगवान दत्त को समर्पित एक और आकर्षक द्वार का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष मथुरालाल पाटीदार, वरिष्ठ अधिवक्ता नंदकिशोर जिराती, स्वनिल गुप्ता, शैलेन्द्र जैन, विक्रम यादव, गजानन मकवाने, कमलेश देपाले, चिंटू अंसारी, सोनू यादव, मनोज पाटीदार के साथ अन्य नगरवासी व पार्षदगण उपस्थित थे।

### भारतीय मजदूर संघ ने आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर आंदोलन की शुरू की तैयारी

**कसरावद, निप्र।** वर्षों से शोषण झेल रहे प्रदेश के लाखों ऑउटसोर्स कर्मचारियों कि प्रमुख माँगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए मैदान संभाल लिया है। भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक के बाद महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने आंदोलन का एलान कर दिया। जिसके बाद प्रदेश के समस्त आउटसोर्स कर्मचारी आंदोलन की तैयारी मे जुट गए है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री एवं आउटसोर्स प्रभारी राजन नायर ने बताया कि अल्प वेतन में खतरों से खेलकर अपनी जान गंवाने वाले, पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने वाले ऑउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण सिर्फ सरकार की व्यवस्था ही नही कर रही, इनका शोषण ठेका कंपनियाँ भी कर रही है जो कर्मचारियों से नौकरी पर रखने के एवज में मोटी रकम वसूलने का घिनौना कार्य करती है। इस बात को पूर्व सरकारों ने स्वीकार भी किया है लेकिन व्यवस्था मे सुधार अब तक नहीं किया गया। पूर्व मे सरकार ने घोषणा कि थी कि, *ठेकेदारी प्रथा मानव समाज पर एक अभिशाप हैं और इस बार हम इस अभिशाप को जड़ से खतम करके रहेंगे * ठेकेदारी प्रथा जड़ से तो खतम नही हुई, उल्टा इसकी जड़ों में पानी दे देकर इसको और हरा भरा कर दिया। इन्हीं सब विषयों कि गंभीरता को समझते हुऐ और कर्मचारियों कि पीड़ा को देखते हुऐ, विश्व के सबसे बड़े संगठन भारतीय मजदूर संघ ने प्रदेश समस्त ऑउट सोर्स कर्मचारियों कि जायज माँगों के लिये आंदोलन का शंखनाद कर दिया हैं।

*ये हैं मुख्य मांगे :- 1. विभागीय परीक्षा के माध्यम से आउट सोर्स कर्मचारी को नियमित किया जाए।*

*2. मध्य प्रदेश में निगम/मंडल बनाकर उन्हें स्थायित्व प्रदान किया जाए।*

*3. नियमित भर्ती प्रक्रिया में आऊट सोर्स कर्मचारियों को 50 अंक बोनस दिए जाए।*

*4. जोखिम भत्ता समस्त आउट सोर्स कर्मचारियों को दिया जाए ओर इसे बड़ाकर 3000 किया जाए।*

*5. अनुभव के आधार पर श्रेणी वार वेतन वृद्धि की जाए*

*6. समस्त कंप्यूटर ऑपरेटर को उच्च कुशल का वेतन दिया जाए।*

*7. दुर्घटना मृत्यु होने पर बीमा की राशि 4.50 लाख रुपए से बढ़कर 20 लाख रुपए की जाए।*

*8. राष्ट्रीय अवकाश एवं त्योहारों पर आउट सोर्स से कार्य लिए जाने पर उसका अतिरिक्त भुगतान किया जाए।*

*9. कार्य के दौरान दुर्घटना होने या किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा हमले किए जाने पर घायल कर्मचारी को तत्काल ?10000 की आर्थिक सहायता प्रदान कि जाय।*

ईन समस्त महत्वपूर्ण माँगों को लेकर मंगलवार कौ प्रदेश के जिला कलेक्टर मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञापन कार्यक्रम में मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के साथ –साथ प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत समस्त ऑउटसोर्स कर्मचारी भाग लेंगे। उपरोक्त जानकारी भारतीय मजदूर संघ पश्चिम क्षेत्र प्रभारी मुरारी राठौर जिला मंत्री हेमराज जारवाल और मध्य प्रदेश बाहस्त्रोत विधुत कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण राजपूत, प्रदेश महासचिव नितिन गावंडे, प्रदेश सचिव राहुल मालवीय, सिधार्थ माली, मो .जावेद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सेन, कमल पटेल, दिनेश पाटीदार, शुभम सराठे प्रदेश प्रवक्ता विनोद बुढ़ाना, प्रदेश मिडिया प्रभारी करण चौहान एवं प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्ष के साथ ही अन्य लोग भी शामिल हैं।

# मंत्रोच्चार के बीच बंधे विवाह बंधन में

## 15 हजार से अधिक समाजजन बने साक्षी, नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर, निप्र।** मां अहिल्या की पावन धरा पर सोमवार को एक ऐतिहासिक और भव्य आयोजन संपन्न हुआ इस आयोजन में समाज के विभिन्न गांव से 44 वर-वधु और उनके परिजन शामिल होने हेतु आए थे। सकल बारूद गाड़ी समाज के सामूहिक प्रयास से 44 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन जो लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में अक्षय तृतीया पर आयोजित किया गया।

जानकारी अनुसार आयोजन में लगभग 15 हजार से अधिक लोगों ने उपस्थित होकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। विवाह संस्कार गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में महादेव यादव ने सपत्नीक पूजा-अर्चना की। वही आयोजन में रंगधाम आश्रम के कथावाचक परम पूज्य द्वारकादास बापू जी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सचिन बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, महेश्वर विधायक राजकुमार



मेव, कसरावद विधायक सचिन यादव, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पूर्व विधायक डॉ विजयलक्ष्मी साधौ, पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, जबरेश्वर सेना के राजेंद्र चौधरी अहिल्या फोर्ट के पुष्पराज ठाकुर आदि अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**विधायक मेव ने की घोषणा:-** कार्यक्रम के दौरान विधायक राजकुमार मेव ने सभी वर-वधुओं को बधाई देते हुए विधायक निधि से प्रत्येक वर वधुओं को 3100 रुपए की राशि देने की घोषणा करते हुए महेश्वर विधानसभा की विभिन्न ग्रामों में धर्मशालाओ के लिए राशि देने की बात कहीं। मांधाता विधायक नारायण पटेल ने ओंकारेश्वर में समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। वही कसरावद विधायक सचिन यादव ने 10 लाख रुपए ग्राम टीगरियाव, 5 लाख माखड़खेड़ा, 5 लाख उमरिया और 5 लाख रुपए गवली पाडल्या में देने की घोषणा की। वही देवी अहिल्या युवा संगठन ने वर वधुओ को गादी बिस्तर सहित पलंग सेट भेंट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मालवी गारी भारूड़ समाज ओंकारेश्वर धर्मशाला समिति के अध्यक्ष रोहित पटेल ने की। स्वागत भाषण नगर भारूड़ समाज अध्यक्ष विक्रम पटेल ने देते हुए कहा कि हमारे समाज की आराध्य लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर हुआ इस ऐतिहासिक आयोजन ने महाकुंभ का रूप ले लिया। यह हमारी समाज की एकता अलग अखंडता और सामाजिकता का रूप है। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष वल्लभ सिंह पटेल, माखनलाल यादव, जितेंद्र पटेल, कन्हैयालाल मुकाती, कमल यादव, वर्तमान उपाध्यक्ष दशरथ यादव कोषाध्यक्ष रवि शंकर यादव, सचिव भवानीराम वर्मा, सह सचिव अमरसिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजनों आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन योगेश बामने, संजय यादव, दशरथ यादव और विकास पटेल ने किया।

**रक्तदान महादान की मिसाल:-** इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और यूनिट रक्तदान इस अवसर पर पुलिस प्रशासन वरुण गाड़ी समाज के स्वयंसेवकों महिला वॉलिंटियर्स की सक्रिय भूमिका रही जिसके चलते भव्य आयोजन निर्विघ्न संपन्न हुआ कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष व वरुण समाज के नगर अध्यक्ष विक्रम पटेल ने आभार व्यक्त किया।

### सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचे डीएलओ ने लोगों को किया जागरुक

**मंडलेश्वर, निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश अखिलेश जोशी के निर्देश पर बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान के तहत जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने अक्षय तृतीया पर कसरावद क्षेत्र मे सम्पन्न हुए दो सामूहिक विवाह कार्यक्रमों मे पी एल वीं के साथ शामिल होकर आमजन को बालविवाह के विरुद्ध जागरूक किया। आपने ग्राम नावड़ातोड़ी मे केवट समाज के सामूहिक विवाह मे शामिल होकर आयोजन समिति के सदस्यों से चर्चा की यहां केवट समाज के 35 जोड़े विवाह के बंधन मे बंधे पी एल वीं विजय केवट उपस्थित रहे। कसरावद के मंडी प्रांगण मे क्षत्रिय राजपूत समाज के 42 जोडो का विवाह सम्पन्न हुआ यहां डी एल ओ चंद्रेश मंडलोई के साथ पी एल वी सुधीर सराफ, देवदत्त एक्कल, जगदीश वर्मा उपस्थित रहे। करही तहसील के गांव वणी मे सेन समाज के 101 जोड़े और ग्राम चिनगुन मे जाट समाज के 09 जोड़े परिणय सूत्र मे बंधे दोनों समारोह मे बाल विवाह रोकथाम जागरूकता हेतु पी एल वी दुर्गेश राजदीप एवं धीरेन्द्र खेड़े उपस्थित रहे।सनावद के इंदौर रोड स्थिति शनि




मंदिर मे राठौड समाज के 05 जोडो का सामूहिक विवाह हुआ यहां पी एल वी रविन्द्र अम्बिया ने जागरुक किया।महेश्वर के जलकोटि रोड पर मालवी गारी भारुड़ समाज के सामूहिक विवाह मे 44 जोड़ो का विवाह हुआ यहां पी एल वी पूजा भावरे जागरूकता अभियान मे शामिल हुई।

### अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों में बताए बाल विवाह के दुष्परिणाम, जिला जज ने किया मार्गदर्शन

**कसरावद, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए एक दिवसीय जागरूकता एवं मॉनिटरिंग की गई। इसमें नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। नगर के स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 42 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी



संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इसी तरह ग्राम नावड़ाटौड़ी में भी केवट समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 35 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। दोनों आयोजनों में सामाजिक एकता और परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। इन आयोजनों के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह की रोकथाम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें। इस अवसर तहसील पैरालीगल वॉलंटियर देवदत्त एक्कल, सुधीर सराफ, जगदीश वर्मा एवं विजय केवट भी जागरूकता अभियान में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित इन सामूहिक विवाह सम्मेलनों में जहां एक ओर सादगी और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

### सनावद में विधायक सचिन बिरला ने दिया आशीर्वाद

**सनावद, निप्र।** जनपद पंचायत बड़वाह के नेतृत्व मे जय भीम अनुसूचित जाती विवाह समिति बेड़िया के द्वारा 45 जोड़े का सामूहिक विवाह पुरानी मिर्ची मंडी मे सुबह 9 बजे से गायत्री परिवार के मन्त्रोंचार से परिणय बंधन मे बंधे वर-वधु का हिन्दू धर्म संस्कृति से विवाह संपन्न हुआ। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सचिन बिरला ने वर- वधु को आशीर्वाद दिए, मंगलमय जीवन की कामना करते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा चलाई जा रही कन्या विवाह योजना को लाडली गरीब कन्याओ की हितेषी बताया उन्होंने सामूहिक विवाह संपन्न करवाने वाली जयभीम अजा विवाह समिति की सराहना की, सामाजिक संस्था सामाजिक विचार मंच के द्वारा समिति के संरक्षक डॉ. एन. एस. सोलंकी, अध्यक्ष मयाराम मोये, उपाध्यक्ष चम्पालाल मोये, बीआर सांवले कोषाध्यक्ष प्रेमलाल अंजना, सचिव आकाश खेड़े महासचिव पी. एन. कांदौड़े, दिनेश मंशारे, पीएल भालसे, प्रचार मंत्री राधेश्याम मकवाने,



शंकर सांवले को शील्ड व जयभीम का नीला दुप्पटा डालकर विधायक सचिन बिरला ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे विधायक सचिन बिरला, जनपद अध्यक्ष दिनेश साद, बेड़िया मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पंवार, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, सरपंच चंद्रपालसीह सावनेर, गोविन्द बिरला, सुरेन्द्र पंवार, बाबूलाल चौधरी, मुकेश, साद मुकेश, कनाडे। ठेकदार, सुखराम, मोये जोगीलाल, मोये, सहित जनप्रतिनिधियों ने माँ गायत्री व डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की चित्र पर माल्यार्पण का शुरुवात की, कार्यक्रम मे वर वधु के साथ उनके परिजन व समाजजन बड़ी संख्या मे मौजूद थे। इस अवसर पर आनंदराम आटोदे, मुकेश सिसोदिया, राम राठौड़, राजा सोलंकी संदीप सांवले सहित अन्य साथी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रजनीश कानूनगो, सचिव राजेंद्र मकवाने ने किया व आभार समिति संरक्षक डॉ. एन. एस. सोलंकी ने माना।

### बादल छाए, बिजली कड़कने के बाद बढ़ी उमस भरी गर्मी, लोग हो रहे हलाकान

**खरगोन, निप्र।** अंचल में इन दिनों मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे है। एक तरफ गर्मी अब खुलकर अपने तेवर दिखा रही है, तो दूसरी ओर रविवार रात बादल और बूंदाबांदी ने मोर्चा खोल दिया। जिसका असर सोमवार को सूरज के तीखे तेवरों के रूप में देखने को मिला।

सोमवार को सुबह से ही तेज धूप खिली जो दोपहर में झुलसाने लगी। सूरज के तीखे तेवरों के सामने पंखे, कूलर भी दम तोड़ते नजर आए। लोग पंखे-कूलर के सामने भी पसीने में तरबतर होते रहे। उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन रहे। सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिसे और न्यूनतम तापमान 21.6 डिसे रहा। मौसम विभाग ने दोपहर की तेज धूप से बचने की सलाह दी है। बिना जरूरत घर से बाहर निकलने से परहेज करें। पानी और ठंडे तरल पदार्थ लेते रहें, क्योंकि आने वाले दिन शरीर को झुलसा देने वाले हो सकते



हैं। गर्मी के चलते दोपहर में सड़के सुनसान नजर आई तो वही जो लोग बाहर निकले वे सिर से पैर तक कपड़े से ढंके नजर आए।

### तेज रफ्तार आयशर ने दो बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मारी, दो बालिकाओं की मौत, दोनों साढू भाई लौट रहे थे शादी समारोह से

**बड़वाह, निप्र।** शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार आयशर वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में दो बालिकाओं की आयशर के पिछले पहिए में आने से मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर 4:30 बजे नर्मदा रोड दादा दरवार के पास की है।

सूचना मिलते ही निजी अस्पतालों की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। गम्भीर घायलों को बड़वाह के शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां उपचार जारी है। सूचना मिलते ही एसड़ीओपी अर्चना रावत, टीआई बलराम सिँह राठौर भी अस्पताल पहुंचे। परिजनों से पूछताछ की। सोमवार दोनों साडू अपनी पत्नी एवं बच्चो के साथ शादी समारोह में सेमरला गए थे। वापस लोटते समय दादा दरवार के समीप तेज रफ्तार आयसर वाहन ने पीछे से टक्कर



मार दी। तभी वहा से गुजर रहे भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने घायलों को सड़क पर तडपते देख तुरंत निजी अस्पतालो को सुचना देकर एम्बुलेंस मोके पर भिजवाने के लिए बोला गया। घायलों को दोनों एम्बुलेंस बड़वाह के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंची। जहा पांच वर्षीय श्रष्टि पिता योगेश एवं साढ़े तीन वर्षीय भूमिका पिता अमरु को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मोरटक्का माफ़ी निवासी अमरु पिता देवराम, पत्नी दुर्गा बाई, बालिका भूमिका, बच्चा आदित्य एवं एकंट पुनर्वास तहसील पुनासा निवासी योगेश पिता बलिराम, पत्नी दया बाई, 05 वर्षीय बच्ची श्रष्टि, बेटा गौरव सभी दोनों बाइक से शादी समारोह में सेमरला गए थे।वापस घर लोटते समय दादा दरवार के पास आयसर ने योगेश की बाईक को पीछे से टक्कर मार दी। इसी बाईक पर दोनों बालिकाए भी बैठी हुई थी। घायलों को निजी एम्बुलेंस से बड़वाह के शासकीय अस्पताल लाया गया।जहा से बच्ची भूमिका को गम्भीर अवस्था में इंदौर रेफर किया था, लेकिन बलवाडा के समीप बच्ची ने दम तोड़ दिया।दोनों बच्चियों की मौत की खबर सुन कर घायलों का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गए। सुचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आयसर को जप्त कर लिया है।

## एक नजर में

**विधायक पाटीदार, विधायक यादव सहित समाजजनों ने नवदंपत्तियों को दिया खुशहाल जीवन का आशीर्वाद**

# अक्षय तृतीया पर बजी मंगल शहनाई, परिणय सूत्र में बंधे माली समाज के 7 जोड़े

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** अक्षय तृतीया पर जिले में शादियों की धूम रही। सुबह से देरशाम तक यात्री बसों सहित परिवहन वाहनों सड़क पर सवारियों को ढोते रहे। कई स्थानों पर सामूहिक तो एकल विवाह हुए। मुख्यालय पर सगरवंशी सकल माली समाज का सामूहिक विवाह सिद्धी विनायक मांगलिक परिसर नूतन नगर में रखा गया। यहां समाज के 7 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

आयोजन समिति के कैलाश माली ने बताया सम्मेलन में धार, खंडवा, अलीराजपुर सहित खरगोन जिले से बारातें आई थी। सुबह से ही बारातों की आवाजाही शुरू हो गई, जिसकी अगवानी वर-वधु पक्ष के साथ आयोजन समिति ने की। वर-वधु ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ एक दूसरे को वरमाला डालकर परिवार, रिश्तेदारों, समाजजनों के बीच एक दूसरे के जीवन साथी बने। वर-वधु को विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने आशीर्वाद देते हुए आयोजन की सराहना की। विशेष सहयोग करने वाले समाजसेवियों का विधायक



का सम्मान भी किया। विधायक पाटीदार ने कहा ऐसे आयोजन समाज में समरसता और एकजुटता का माध्यम बनते है। यह सिर्फ़ एक वैवाहिक सम्मेलन नहीं, समाज में खुशियों और विश्वास का एक नया अध्याय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामूहिक विवाह समाज में समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। इन सम्मेलनों से आर्थिक रूप से कमजोर, असमर्थ एवं जरूरतमंद परिवारों को बड़ा सहारा मिलता है। हम बेटियों के मान-सम्मान, आजीविका और इनके सशक्तिकरण के लिए कोई भी कमी नहीं रखेंगे। विधायक सचिन यादव ने कहा सगरवंशी सकल माली समाज ने वर-वधु पक्ष से मेजबान के रूप में बारातियों की मेहमान नवाजी कर इस पुण्य कार्य में सहभागिता की है। हम सब हमारी बेटियों का जीवन हर तरह से खुशहाल और सुरक्षित रहे ऐसी कामना करते है। आयोजन में समाजजनों सहित अतिथियों, रिश्तेदारों ने वर-वधु को उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान भेंट किया। इस दौरान सकल समाज अध्यक्ष हेमराज सोलंकी, किशोर पुजारी, प्रताप चौहान, किशोर परमार, नितेश मुछाल, सुरेश सोलंकी, गणपति जाधव, आत्माराम चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।